राजभवन, देहरादून : 10 अप्रैल, 2023

सोमवार को राजभवन में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की उपस्थिति में इंटरनेशनल सुजोक की अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौधरी ने राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी छोटी–छोटी समस्याओं के निदान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सुजोक एक्यूप्रेशर एक अत्यंत सरल एवं सहज चिकित्सा विधि है जिसमें महिलाएं छोटी–छोटी समस्याओं का स्वयं ही उपचार कर सकती हैं। इसके लिए उन्होंने निश्चित बिंदुओं पर दबाव देकर उपचार करना महिलाओं को सिखाया।

इस दौरान उपस्थित प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने डॉ. सुभाष चौधरी का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सुजोक थेरेपी के अंतर्गत चिकित्सा पद्धति से महिलाओं को निश्चित ही लाभ होगा। प्रथम महिला ने बताया कि जल्द ही महिलाओं के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर फैमली वेलफेयर एसोसिएशन की सुनीता जोशी द्वारा अपने हस्तशिल्प के उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया। उत्पादों की उपस्थित महिलाओं ने खूब सराहना की। प्रथम महिला द्वारा उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आई. जी. कार्मिक, श्रीमती विम्मी सचदेवा, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. इंद्रा अग्रवाल, श्रीमती अंजना सिंह, श्रीमती भागीरथी देवी सहित राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाएं उपस्थित रही।

............0............